**SHRI VISHWAKARMA SKILL UNIVERSITY**

(State University enacted under the Government of Haryana Act 25, 2016)
Plot No. 147, Sector 44, Gurugram (Haryana) 122003, Email: info@svsu.ac.in


## कार्यालय आदेश

राष्ट्रीय स्वतंत्रता के **78**वें वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर राष्ट्र का **79**वां स्वतंत्रता दिवस शुक्रवार, **15** अगस्त **2025** को विश्वविद्यालय के दूधोला परिसर एवं ट्रांजिट कार्यालय गुरुग्राम में धूमधाम से मनाया जाएगा।

माननीय कुलगुरु प्रो. दिनेश कुमार दूधोला परिसर में मुख्य अतिथि रहेंगे तथा डॉ. रंजना अग्रवाल, पूर्व-निदेशक, सी.एस.आइ.आर., विश्वविद्यालय की प्रथम महिला एवं विशिष्ट वैज्ञानिक, विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगी। इस अवसर पर, हमारे पूर्व छात्र **श्री अखिलेश कुमार** (बी.वॉक मेकाट्रॉनिक्स) भी दूधोला परिसर में ध्वजारोहण समारोह में भाग लेंगे, जिन्होंने इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता में उत्कृष्टता पदक प्राप्त किया और **2022** में ऑस्ट्रिया में वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

प्रो. सुजाता शाही, डायरेक्टर, ट्रांजिट कार्यालय गुरुग्राम में ध्वजारोहण करेंगी। इस समारोह में पूर्व छात्र के रूप में **श्री अभिषेक** (बी.वॉक मेकाट्रॉनिक्स) ट्रांजिट कार्यालय गुरुग्राम में ध्वजारोहण समारोह में भाग लेंगे, जिन्होंने **2024** में यशोभूमि, नई दिल्ली में आयोजित इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता में उत्कृष्टता पदक प्राप्त किया।

विश्वविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित समय के अनुसार निर्धारित यूनिफार्म में ध्वजारोहण समारोह में भाग लें:

- **ध्वजारोहण समय – प्रातः 09:00 बजे**

सभी डीन / विभागाध्यक्ष / शाखा प्रमुख / प्रिंसिपल से अनुरोध है कि वे अपने सभी स्टाफ, फैकल्टी एवं छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करें तथा **प्रातः 8:45 बजे** तक समारोह स्थल पर स्थान ग्रहण करें|

प्रो. ज्योति राणा
कुलसचिव
Registrar
Shri Vishwakarma
Skill University

**संदर्भ संख्या:** एसवीएसयू/25/कुलसचिव कार्यालय/359 - 365

**तिथि:** 14.08.2025

**प्रतिलिपि:**

1. सभी डीन / विभागाध्यक्ष / शाखा प्रमुख / प्रिंसिपल – सभी अधीनस्थ स्टाफ सदस्यों एवं छात्रों कि सूचना हेतु।
2. आईटी प्रमुख को – विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. पीआरओ को – उत्सव की ब्रांडिंग के हेतु।
4. डी.एस. डब्ल्यू को – सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु।
5. सामान्य शाखा को – आवश्यक व्यवस्था करने हेतु।
6. नोटिस बोर्ड।
7. कुलसचिव कार्यालय – *अभिलेख* हेतु।

शालिनी

सहायक